**कार्यालय परियोजना निदेशक,**
**उत्तर प्रदेश राज्य स्वच्छ गंगा नदी मिशन**
**प्लाट नं0–18 सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ**
website: www.smcg-up.org; email: apd@smcg-up.org

पत्रांक 98/649-c/SMCG/02 दिनांक 29/01/21

सेवा में,

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला गंगा समिति,
जनपद:- प्रयागराज, बिजनौर, बदायूं, बुलन्दशहर, चन्दौली, फर्रुखाबाद, गाजीपुर, हापुड़, हरदोई, अमरोहा, कन्नौज, कानपुर नगर, कासगंज, कौशाम्बी, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, शाहजहांपुर, सम्भल, उन्नाव, वाराणसी, बलिया, फतेहपुर, मेरठ, भदोही, इटावा, मुजफ्फरपुर उ0प्र0।

**विषयः दिनांक 01.02.2021 व 02.02.2021 को विश्व वेटलैण्ड दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित करने एवं कार्यशाला में प्रतिभाग किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के अर्द्धशासकीय पत्र सं. पी. आर.–26/1/2021–टेक3 एन.एम.सी.जी. दिनांक 12.01.2021 तथा 20.01.2021 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जनपदों में विश्व वैटलैण्ट दिवस पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने एवं वर्चुअल कार्यशाला में प्रतिभाग करना सुनिश्चित किया जाना है। आप अवगत ही हैं कि सामान्य भाषा में वेटलैण्ड, ताल, झील, पोखर, जलाशय, दलदल इत्यादि के नाम से जाने जाते हैं। सामान्यतया वर्षा ऋतु में यह पूर्ण रूप से जलप्लावित हो जाते हैं। कई वेटलैण्ड वर्ष भर जलप्लावित रहते हैं जबकि कई वेटलैण्ड्स ग्रीष्म ऋतु में सूख जाते हैं। इनका जलस्तर निरन्तर परिवर्तित होता रहता है। वेटलैण्ड्स अत्यन्त उत्पादक जलीय पारिस्थितिकी तन्त्र हैं, के साथ–साथ न केवल जल भण्डारण का कार्य करते हैं, अपितु बाढ़ के अतिरिक्त जल को अपने में समेट कर बाढ़ की विभीषिका कम करते हैं। ये पर्यावरणीय सन्तुलन में मनुष्य के सहायक हैं, जिसमें नाना प्रकार के जीव–जन्तु एक कोशकीय से कशेरुकी जीव तक पाए जाते हैं। ये समृद्ध जलीय जैवविविधता का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा नदियों की अविरलता एवं निर्मलता को बनाये रखने में प्रमुख भूमिका का निर्वहन करते है। इसलिए इनका संरक्षण करना अतिमहत्वपूर्ण है।

उक्त के कम में गंगा व उसकी सहायक नदियों के पुनरोद्धार के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियां का कियान्वयन किया जा रहा है, जिसमें वेटलैण्ड संरक्षण भी मुख्य रूप से सम्मिलित है। इसी कम में विश्व वेटलैण्ड दिवस 02 फरवरी 2021 के आयोजन हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन/राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, उ0प्र0 के द्वारा विभिन्न गतिविधियां प्रस्तावित की गई है, जो कि निम्नलिखित है:

| क.सं. | गतिविधियां | समय | टारगेट समूह | आयोजक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दिनांक 01.02.2021 को गंगा बेसिन के वेटलैण्ड संरक्षण पर वर्चुअल माध्यम से कार्यशाला | समय–प्रातः 11:00 से अपरान्ह 1:00 बजे तक | जिला गंगा समिति, नगरीय निकाय/नेहरू युवा केन्द्र, गंगा दूत, गंगा प्रहरी, गंगा टास्क फार्स, गंगा मित्र एवं समस्त गंगा विचार मंच | राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार द्वारा महानिदेशक की अध्यक्षता मे। |
| 2. | दिनांक 02.02.2021 को Stakeholders Meet on the theme 'Wetlands Life: Inseparable co-existence' पर वर्चुअल माध्यम से बैठक | समय–प्रातः 10:00 से अपरान्ह 1:30 बजे तक | जिला गंगा समिति, नगरीय निकाय/नेहरू युवा केन्द्र, गंगा दूत, गंगा प्रहरी, गंगा टास्क फार्स, गंगा मित्र एवं समस्त गंगा विचार मंच | राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार द्वारा मा0 मंत्री, जलशक्ति, भारत सरकार की अध्यक्षता में। |
| 3. | दिनांक 02.02.2021 को चित्रकला प्रतियोगिता, वेटलैण्ड और नदी संरक्षण विषय पर | समय–अपरान्ह 1:00 से 2:00 बजे तक | सभी छात्र–छात्राऐं आयुवर्ग 10 से 16 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।<br><br>इस मद में व्यय होने वाले अनुमानित धनराशि रु0 25.00 हजार अवमुक्त किया जाना प्रस्तावित है। | जिला गंगा समिति के द्वारा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | दिनांक 02.02.2021 को स्लोगन प्रतियोगिता, वेटलैण्ड और नदी संरक्षण विषय पर | समय–अपराह्न 2:00 से 3:00 बजे तक | सभी छात्र–छात्राएं आयुवर्ग 10 से 20। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।<br><br>इस मद में व्यय होने वाले अनुमानित धनराशि रू0 25.00 हजार अवमुक्त किया जाना प्रस्तावित है। | के द्वारा |
| 5. | दिनांक 02.02.2021 को वेटलैण्ड वॉक (भ्रमण कार्यक्रम) ग्रामीण या शहरी वेटलैण्ड का भ्रमण कर उसका विवरण तैयार कर रिपोर्ट बनाना | समय–अपराह्न 3:00 से 4:00 तक | जिला गंगा समिति, नगरीय निकाय/नेहरू युवा केन्द्र, गंगा दूत, गंगा प्रहरी, गंगा टास्क फोर्स, गंगा मित्र एवं सम्बद्ध गंगा विचार मंच व छात्र–छात्राएं।<br>उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।<br><br>इस मद में व्यय होने वाले अनुमानित धनराशि रू0 50 हजार अवमुक्त किया जाना प्रस्तावित है। | जिला गंगा समिति के द्वारा |
| 6 | वेटलैण्ड दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न माध्यम से प्रचार–प्रसार | दिनांक 01 से 03 फरवरी 2021 तक | जनपद स्तर पर प्रचार–प्रसार।<br><br>इस मद में व्यय होने वाले अनुमानित धनराशि रू0 50 हजार अवमुक्त किया जाना प्रस्तावित है। | जिला गंगा समिति के द्वारा |

अवगत कराना है कि जनपद स्तर पर जिला गंगा समितियों के द्वारा किये जाने वाले उक्त विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु धनराशि रू0 1.5 लाख जनपदवार आवंटित करते हुए धनराशि अवमुक्त की जा रही है। उक्त के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु सुश्री सौम्या सिंह, आउटरीच एण्ड कम्युनिकेशन आफिसर, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, उ0प्र0 (मोबाईल नम्बर–8795763223, ईमेल–cpo.smcg55@gmail.com) से सम्पर्क किया जा सकता है।

उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के कार्यक्रमों को संचालित करने हेतु जनपद स्तर पर एक नोडल अधिकारी नामित करने का कष्ट करें, जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी का दायित्व होगा कि उक्त समस्त गतिविधियों का अभिलेखीकरण करते हुए कार्यक्रम से सम्बन्धित फोटोग्राफ्स एवं वीडियो क्लिप्स एस.एम.सी.जी. के पोर्टल(www.smcg-up.org) पर अपलोड करेंगे तथा पूर्ण विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र एस.एम.सी.जी. को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

__संलग्नकः__– __उपरोक्तानुसार।__

भवदीय

(राजेश कुमार पाण्डेय)
विशेष सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
विभाग/अपर परियोजना निदेशक

__प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–__

1. निजी सचिव, महानिदेशक, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. निजी सचिव, आयुक्त, सम्बन्धित जनपदों के मण्डल।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. निजी सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक/विभागाध्यक्ष, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. सम्बन्धित समन्वयक/सदस्य सचिव, जिला गंगा समिति।

विशेष सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
विभाग/अपर परियोजना निदेशक